(32)

# कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा

## प्रबन्ध मण्डल की 32वीं बैठक दिनांक–12.08.2017

## कार्यवृत

प्रबन्ध मण्डल की 32वीं बैठक दिनांक 12.08.2017 को 12:00 बजे विश्वविद्यालय के सरस्वती भवन में स्थित सभा–कक्ष में माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नांकित उपस्थित हुए :–

| | | |
|---|---|---|
| | प्रो० पी.के. दशोरा<br>माननीय कुलपति,<br>कोटा विश्वविद्यालय, कोटा | अध्यक्ष |
| 2. | श्री आर. जी. मीणा<br>नामित सदस्य, प्रमुख शासन सचिव,<br>वित्त विभाग,<br>राजस्थान सरकार, जयपुर | नामित सदस्य |
| 3. | डॉ० मंजुला त्यागी<br>नामित सदस्य, प्रमुख शासन सचिव<br>उच्च शिक्षा विभाग,<br>राजस्थान सरकार, जयपुर | नामित सदस्य |
| 4. | श्री प्रहलाद गुंजल<br>माननीय विधायक– कोटा उत्तर | सदस्य |
| 5. | प्रो. मदन सिंह राठौड़<br>राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित शिक्षाविद | सदस्य |
| 6. | प्रो० एन.के. जैमन<br>कुलपति द्वारा नाम निर्देशित अधिष्ठाता | सदस्य |
| 7. | प्रो० आशु रानी<br>कुलपति द्वारा नाम निर्देशित आचार्य | सदस्य |
| 8. | प्रो० राजीव जैन<br>कुलपति द्वारा नाम निर्देशित अधिष्ठाता | सदस्य |
| 9. | प्रो० रीना दाधीच<br>कुलपति द्वारा नाम निर्देशित आचार्य | सदस्य |



संदीप चौहान

10. डॉ0 रूपवती पीपल — सदस्य
राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित प्राचार्य

11. डॉ0 हुकम चन्द जैन — सदस्य
राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित प्राचार्य

12. श्री एस. एन. शर्मा — विशेष आमंत्रित सदस्य
वित्त नियंत्रक,
कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

13. डॉ0 संदीप सिंह चौहान — सदस्य सचिव
कुलसचिव

आयुक्त, महाविद्यालय शिक्षा, राजस्थान, जयपुर; प्रो0 जॉन वर्गीस, कुलाधिपति द्वारा नाम निर्देशित सदस्य; प्रो0 अरविन्द कुमार, कुलाधिपति द्वारा नाम निर्देशित सदस्य; श्री संदीप शर्मा, माननीय विधायक–कोटा दक्षिण तथा डॉ0 एन.एल. गुप्ता, राज्य सरकार द्वारा नामित सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

माँ सरस्वती की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन के साथ बैठक की शुरूआत हुई। बैठक प्रारम्भ में सदस्य सचिव द्वारा माननीय कुलपति महोदय एवं उपस्थित माननीय सदस्यों का अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात् माननीय कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय में विगत दिनों हुई विभिन्न उपलब्धियों/गतिविधियों के सम्बंध में सदन को अवगत करवाया गया, जिनका विवरण निम्नानुसार है: –

- माननीय कुलाधिपति व राज्यपाल महोदय की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह दिनांक 20.07.2017 को विद्या–परिषद् व प्रबन्ध मण्डल के सभी सदस्यों के सहयोग/मार्गदर्शन तथा विश्वविद्यालय शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों के सहयोग से सानन्द सम्पन्न हुआ, जिसकी समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा प्रशंसा की गयी। दीक्षान्त समारोह सम्पन्न होने के पश्चात माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल महोदय ने इस विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये आदर्श ग्राम डूंगरज्या के शिष्ट मण्डल से संवाद किया। उक्त संवाद कार्यक्रम में माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा आदर्श ग्राम में विश्वविद्यालय द्वारा किये गये कार्यों/गतिविधियों की समीक्षा की गई, जिसमें ग्रामीणों द्वारा आदर्श ग्राम में विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं गतिविधियों के सम्बन्ध में से माननीय को अवगत करवाया गया। संवाद कार्यक्रम में माननीय कुलाधिपति महोदय ने आदर्श ग्राम में इस विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों/गतिविधियों की प्रशंसा की।

- विश्वविद्यालय के कुलगीत व नवनिर्मित संस्कृति भवन का ई–लोकार्पण भी माननीय राज्यपाल महोदय के कर–कमलों से दीक्षांत समारोह के दौरान किया गया। प्रबन्ध मण्डल के सदस्यों द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय का आभार व्यक्त किया गया।

- विश्वविद्यालय द्वारा वार्षिक व सेमेस्टर स्कीम की सभी परीक्षाएँ समय पर करवायी गई तथा उनके परीक्षा परिणाम भी समय पर घोषित किए गए। नवीन सत्र 2017–18 का प्रारम्भ 1 जुलाई 2017 से प्रारम्भ किया जा चुका है।

- सत्र 2017–18 से विज्ञान में स्नातक स्तर पर रसायन विज्ञान, भौतिकी, गणित, वनस्पति शास्त्र एवं प्राणी शास्त्र में पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जा रहे हैं। समस्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ की जा चुकी है, जो कि अंतिम चरण में है।

- इस सत्र में सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान पाठ्यक्रमों में सेमेस्टर स्कीम को लागू किया जा चुका है।

संदीप चौहान

- BOS/COC की बैठकों में संशोधित/अद्यतन पाठ्यक्रमों को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड किया जा चुका है।

- वर्तमान में विश्वविद्यालय में अम्बेडकर पीठ, स्वामी विवेकानंद पीठ तथा वंशावली लेखन एवं परंपरा अध्ययन शोध पीठ स्थापित की जा चुकी है। उल्लेखित पीठों के समन्वयकों की नियुक्ति के साथ बजट भी आवंटित किया जा चुका है। पी.टी.ई.टी. व बी.एस.टी.सी. आय से जो बचत विश्वविद्यालय को होगी, उक्त बचत राशि में से विश्वविद्यालय में शीघ्र ही पं. दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ तथा सिंधु अध्ययन शोधपीठ भी स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।

- विश्वविद्यालय का 15वां स्थापना दिवस दिनांक 7 जून 2017 को प्रथम बार समारोहपूर्वक मनाया गया। स्वामी विवेकानंदजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने जोश के साथ कार्य सम्पादन का संकल्प भी लिया। विश्व पर्यावरण दिवस को भी इसी दिन मनाते हुये विश्वविद्यालय में स्वच्छता अभियान के साथ पर्यावरण चेतना व्याख्यान तथा बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ व निर्मल गंगा अभियान के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- तृतीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 21.06.17 को विश्वविद्यालय में भी योग दिवस मनाया गया।

- केन्द्रीय वित्त मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा सामयिक राष्ट्रीय विषय–जी.एस.टी. पर विश्वविद्यालय के सदस्यों से संवाद स्थापित कर, जी.एस.टी. प्रावधानों की समीक्षा करते हुये विभिन्न सुझावों पर चर्चा की।

- NAAC Peer team द्वारा दिनांक 28.08.2017–30.08.2017 तक विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया जाना प्रस्तावित है। उक्त सम्बन्ध में विश्वविद्यालय परिवार द्वारा पूर्ण संकल्प के साथ तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई है।

- इण्डिया टूडे पत्रिका द्वारा हाल ही में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों का सर्वेक्षण करवाया गया था, उक्त सर्वेक्षण में इस विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर 21वीं रैंक प्राप्त हुई है, जो कि विश्वविद्यालय के लिये गर्व का विषय है, यह सभी कार्मिकों के कठिन परिश्रम का परिणाम है।

  माननीय कुलपति महोदय के मार्गदर्शन एवं सद्प्रयासों की सदन द्वारा सराहना की गई।

प्रबन्ध मण्डल की बैठक में विचारणीय बिन्दुओं पर विस्तृत बिन्दुवार चर्चा कर निम्नानुसार संकल्प/निर्णय पारित किये गये :–

| | | |
|---|---|---|
| मद संख्या–1 | : | **प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 05.05.2017 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करना।** |
| निर्णय | : | प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 05.05.2017 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया। प्रबन्ध मण्डल की गत बैठक के कार्यवाही विवरण को प्रबन्ध मण्डल के नए सदस्यों को भी यथासमय भिजवाने के सम्बन्ध में श्री प्रहलाद गुंजल, माननीय विधायक एवं प्रबन्ध मण्डल सदस्य द्वारा दिये गये सुझाव को नोट किया गया। |
| मद संख्या–2 | : | **प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 05.05.2017 में लिये गये निर्णयों के सम्बंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन अनुमोदित करना।** |
| निर्णय | : | प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 05.05.2017 में लिये गये निर्णयों के सम्बंध में की गई कार्यवाही के प्रतिवेदन को अनुमोदित किया गया। |

संदीप चौहान

| | | |
|---|---|---|
| मद संख्या–3 | : | विद्या–परिषद् की बैठक दिनांक 14.07.2017 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करना। |
| निर्णय | : | विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 14.07.2017 में लिये गये निर्णयों के सम्बंध में की गई कार्यवाही के प्रतिवेदन को अनुमोदित किया गया। |
| मद संख्या–4 | : | राज्य सरकार से प्राप्त पत्र क्रमांक प.3(54)शिक्षा–4/2002/पार्ट दिनांक 24.07.2017 द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के आलोक में विश्वविद्यालय के छात्रसंघ संविधान–2010 में किये गये संशोधन का अनुमोदन करना। |
| निर्णय | : | राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों को ध्यान में रखते हुये कोटा विश्वविद्यालय, कोटा के संशोधित छात्रसंघ संविधान–2017 को अनुमोदित किया गया। |
| मद संख्या–5 | : | अन्य बिन्दु, आसन की अनुमति से। |
| निर्णय | : | **मद संख्या 5.1** : विश्वविद्यालय में कार्यरत संविदा कर्मचारियों की संविदा अवधि में दिनांक 01.07.2017 से आगामी 6 माह के लिए पूर्ववत शर्तों पर माननीय कुलपति महोदय द्वारा दिनांक 05.08.2017 को किये गये अभिवृद्धि आदेशों की पुष्टि/रिपोर्ट करना।<br><br>**निर्णय** – विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल द्वारा माननीय कुलपति महोदय के उक्त उल्लेखित आदेश दिनांक 05.08.2017 के आदेशों की पुष्टि की गई।<br><br>**मद संख्या 5.2** : विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य केन्द्र हेतु अंशकालीन चिकित्सक की सेवायें लेने के सम्बन्ध में अनुमति बाबत्।<br><br>**निर्णय** – विश्वविद्यालय के प्रस्तावों का अनुमोदन कर अंशकालीन चिकित्सक की सेवायें लेने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।<br><br>**मद संख्या 5.3** : राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प. 18 (2)/शिक्षा–4/2015 पार्ट जयपुर, दिनांक 09.06.2017 द्वारा समस्त राजकीय उच्च शिक्षण संस्थाओं में दिव्यांगजन हेतु न्यूनतम 5 प्रतिशत स्थान बेन्चमार्क डिसएबिलिटी वाले व्यक्तियों हेतु आरक्षित किये जाने संबंधी निर्देश प्रदान किये जाने हेतु जारी विश्वविद्यालय कार्यालय आदेश क्रमांक 4884–91 दिनांक 11.08.17 की पुष्टि एवं अनुमोदन करना।<br><br>**निर्णय** – प्रबन्ध मण्डल द्वारा राज्य सरकार के निर्देशों की पालना में जारी उक्त संदर्भित कार्यालय आदेश की पुष्टि कर अनुमोदन किया गया। |

अन्त में कुलपति महोदय ने सभी माननीय सदस्यों का बैठक में सक्रियता से भाग लेने के लिए आभार व्यक्त किया।

बैठक आसन को धन्यवाद के साथ पूर्ण हुई।

संदीप चौहान

(डॉ0 संदीप सिंह चौहान)
कुलसचिव एवं सदस्य सचिव